नामांतरण व अनुज्ञा के प्रकरण लंबित

संभागायुक्त ने 7 दिन में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए, 842 नामांतरण और 93 अनुज्ञा लंबित

नवभारत न्यूज

सागर 16 जुलाई. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने संभाग के समस्त नगरीय निकायों में लंबित भवन/भूमि नामांतरण और भवन अनुज्ञा प्रकरणों की सख्त समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण एक सप्ताह के अंदर हर हाल में किया जाए.

कमिश्नर श्री सुचारी ने कहा कि संभाग में अभी तक भवन-भूमि नामांतरण के 842 प्रकरण और भवन अनुज्ञा के 93 प्रकरण लंबित हैं, यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है. उन्होंने कहा कि प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समय-सीमा में कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. कमिश्नर ने निकायवार जानकारी ली. भवन/भूमि नामांतरण के अंतर्गत नगर पालिका परिषद देवरी में 139, मकरोनिया बुजुर्ग में 27, दमोह में 36, नगर परिषद पथरिया में 54, हिंडोरिया में 28, अमानगंज में 20, अजयगढ़ में 22, नगर पालिका परिषद छतरपुर में 54, नौगांव में 140, नगर परिषद गढ़ी मलहरा में 50, लवकुश नगर में 27, जतारा में 34, विघौरा खास में 23 और निवाड़ी में 47 प्रकरण लंबित हैं. इसी प्रकार भवन अनुज्ञा के अंतर्गत नगर पालिका परिषद हटा में 11, पन्ना में 13, छतरपुर में 15 और टीकमगढ़ में 16 प्रकरण लंबित होना पाए गए.

कमिश्नर ने कहा कि आम जनता को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं मिलना शासन की प्राथमिकता है. नामांतरण और भवन अनुज्ञा जैसे प्रकरण सीधे नागरिकों से जुड़े हैं, इन्हें अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जा सकता. उन्होंने सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह में शत-प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए.

युवक ने फांसी लगाई

बीना. खिमलासा थाना क्षेत्र के इनायतपुर गांव में एक कॉलेज छात्र ने अज्ञात कारण के चलते फांसी लगाकर जान दे दी. इसमें शव करीब 15 घंटे तक फंदे पर लटका रहा, शव पीएम के लिए सिविल अस्पताल लाया गया.जानकारी के अनुसार विवेक अहिरवार निवासी इनायतपुर जो खिमलासा से लौटकर अपने घर आया था. वह अपने घर से गांव में कहीं जाने के लिए निकला था. जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी. घर के पास ही एक दूसरा घर बना हुआ है, जहां पर मवेशियों को बांधा जाता है वहां पर छात्र का शव फंदे से लटका हुआ मिला. मृतक के दादा प्रीतम अहिरवार ने बताया कि पुलिस आई और कमरे का ताला लगाकर चली गई. पुलिस ने शव को फंदे से उतारा नहीं और बोला कि अगले दिन शव को उतारेंगे लेकिन पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को फंदे से उतारा गया.

पर्यावरण संरक्षण व नशा मुक्त समाज निर्माण

खुरई विस में एक दिन में सवा लाख पौधे लगेंगे, 20 को नशा मुक्ति रैलियां निकाली जायेंगी

नवभारत न्यूज

खुरई 16 जुलाई. खुरई विधानसभा क्षेत्र में 18 जुलाई को एक ही दिन में 1 लाख 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

इसके दो दिन बाद 20 जुलाई को पूरे विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नशे से दूरी है जरूरी जनजागरण अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के सभी नगरीय निकायों व ग्राम पंचायत स्तरों पर जागरूकता रैलियां निकाली जाएंगी. पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने आयोजित तैयारियों की समीक्षा बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्त समाज का निर्माण दोनों ही भविष्य की पीढ़ियों के सुरक्षित जीवन से जुड़े विषय हैं. इसलिए इन अभियानों को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानकर जनआंदोलन के रूप में सफल बनाया जाए. श्री सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष खुरई विधानसभा क्षेत्र में एक ही दिन में लगभग 65 हजार पौधों का रोपण किया गया था, जिसके लिए क्षेत्र की चारों नगर परिषदों को राज्य शासन द्वारा सम्मानित किया गया. इस वर्ष लक्ष्य बढ़ाकर 1 लाख 20 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान की भावना को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए. बैठक में एसडीएम मनोज चौरसिया ने बताया कि 18 जुलाई के वृक्षारोपण अभियान के लिए सभी विभागों द्वारा व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. मालथौन, बांदरी एवं बरोदिया कलां नगर परिषदों में लगभग 38 हजार पौधे लगाए जाएंगे.

जलावर्धन योजना का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सागर 16 जुलाई. मकरोनिया जलावर्धन योजना के अंतर्गत नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के मुख्य अभियंता शैलेन्द्र शुक्ला ने परियोजना का निरीक्षण किया.

उन्होंने कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री से भेंट कर परियोजना की संचालन व्यवस्था के संबंध में चर्चा की. मुख्य अभियंता श्री शुक्ला ने जलावर्धन योजना अंतर्गत नगर परिषद शाहपुर, का भी भ्रमण किया. उन्होंने शाहपुर में ट्रायल रन की तैयारियों और संचालन व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए. इस अवसर पर जल शोधन संयंत्र परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया.

पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत के जांच के निर्देश

सागर थाना रहली में पुलिस अभिरक्षा में रामदीन पिता बाबूलाल सेन, निवासी ग्राम धनगुवां, थाना रहली की मृत्यु के संबंध में एसडीएम रहली कुलदीप पाराशर उक्त घटना की मजिस्ट्रियल जांच करेगें. उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि घटना के संबंध में यदि कोई व्यक्ति लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य, अन्य कोई जानकारी प्रस्तुत करना चाहता है तो वे कार्यालयीन दिवस में कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी रहली में 22 जुलाई तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं.

रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

सागर 16 जुलाई. विधायक शैलेन्द्र जैन के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधायक श्री जैन एवं लीगल राइट्स काउंसिल ऑफ इंडिया की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अनुश्री शैलेन्द्र जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया.

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, गौरव सिरोठिया, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार सहित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया. रक्तदान शिविर में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मेघा दुबे सहित 53 युवाओं व बहिनों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया. विधायक श्री जैन ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया तथा कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा का सबसे बड़ा माध्यम है. समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए. रक्तदान शिविर के कार्यक्रम प्रभारी नितिन सोनी ने बताया कि शिविर में मेघा दुबे, दुष्यंत यादव, प्रियांशु गुप्ता, प्रसव बाल्मीकी, रामसिंह अहिरवार, आयुष्मान, जगदीश, शोयब हुसैन, निखिल, शिवम सूर्यवंशी, विकास केशरवानी, नरेंद्र नामदेव, शरद अहिरवार, राजकुमार, राहुल खटीक, विशाल खटीक, विशाल जैन, मयंक राज, अनूप बुधवानी, रेखा जैन, मनोज रैकवार, अनिकेत यादव, सोनू बेन, विक्की गुप्ता, शरद मोहन दुबे, सत्यम सोनी, कैलाश हसानी, श्रीकांत जैन, अंशुल गुप्ता ने स्वेच्छा से रक्तदान किया.

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

नवभारत न्यूज

सागर 16 जुलाई. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान परियोजना के सॉफ्ट कंपोनेंट के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एकात्म मानव दर्शन: विकसित भारत 2047 का समापन हुआ.

मुख्य अतिथि सांसद डॉ. लता वानखेड़े उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता उच्च शिक्षा सागर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे ने की. सांसद डॉ. वानखेड़े ने कहा कि एकात्म मानव दर्शन केवल राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि मानव जीवन का समग्र दर्शन है. डॉ. दुबे ने कहा कि शासन द्वारा आयोजित ऐसी संगोष्ठियों की सार्थकता तभी है, जब इनसे प्राप्त निष्कर्ष शोध प्रकाशन या पुस्तक के रूप में समाज और नई पीढ़ी तक पहुँचें. इस दौरान प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता, डॉ. सुखदेव मिश्रा, डॉ. भावना यादव डॉ. इमराना सिद्दीकी मौजूद थीं. संचालन डॉ. संदीप सबलोक, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रतिभा जैन ने आभार व्यक्त किया.

स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित

नवभारत न्यूज

गौरझामर 16 जुलाई.शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासन की योजना के अंतर्गत छात्राओं के लिए नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ.

मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि प्रियंका पटेरिया द्वारा कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 85 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया. मुख्य अतिथि सुश्री पटेरिया ने कहा कि शिक्षकों द्वारा दिए गए ज्ञान और संस्कारों को अपने जीवन में उतारें और हमेशा अपने गुरुओं व माता-पिता का सम्मान करें. उन्होंने कहा कि आज के दौर में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनना बेहद जरूरी है. इसके लिए छात्राएं अपनी रुचि के अनुसार कौशल विकास पर ध्यान दें और उसे निखारें. इस अवसर पर प्राचार्य राजश्री लोधी, उमा खटीक, नीलिमा करण, पूनम मेहरा, देवेंद्र लोधी, राजेश दीक्षित, मोहर पटैल, ध्रुव पाठक सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टाफ, स्कूली बच्चे एवं नागरिक व अभिभावक उपस्थित रहे.

23 खरीद केंद्र बने

सागर. न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द उपार्जन को सुचारु, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से आदेश जारी किए गए हैं. जिले में 10 अगस्त तक एफएक्यू श्रेणी की मूंग एवं उड़द का उपार्जन किया जाएगा. किसानों की सुविधा एवं जिले की भौगोलिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पहले से निर्धारित 16 उपार्जन केंद्रों के अतिरिक्त 7 नए खरीदी केंद्र भी स्वीकृत किए गए हैं. 23 केंद्रों के माध्यम से उपार्जन कार्य होगा.

दुकानों का निरीक्षण

सागर. आबकारी अमले द्वारा बहेरिया तिगड्डा, मकरोनिया, पटकुई एवं गोपालगंज क्षेत्र में शहरी गश्त एवं सघन जांच अभियान संचालित किया गया. अभियान के दौरान अवैध मदिरा के संग्रहण, विक्रय एवं सार्वजनिक स्थानों पर अवैध मदिरापान के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 4 प्रकरण कायम किए गए, जिनमें कुल 5.04 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई. इसके अतिरिक्त कंपोजिट मदिरा दुकान बहेरिया, पटकुई एवं गोपालगंज का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के संबंध में संबंधित अनुज्ञापियों के विरुद्ध विभागीय प्रकरण कायम किए गए. आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन, विक्रय एवं सार्वजनिक स्थानों पर अवैध मदिरापान के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी.

दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी के पैर में लगी गोली, 24 घंटे के भीतर पुलिस ने दबोचा

नवभारत न्यूज

ललितपुर 16 जुलाई. चलती कार में युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में वांछित मुख्य आरोपी को कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने महज 24 घंटे के भीतर पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया.

मुठभेड़ के दौरान आरोपी द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग किए जाने के बाद आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी. घायल आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस के अनुसार, कोतवाली ललितपुर में दर्ज दुष्कर्म के मामले में ग्राम बमरौली सुरेन्द्र सेन वांछित चल रहा था. घटना के संबंध में पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था. मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी चंदेरी की ओर जाने वाले मार्ग से गुजरने वाला है. सूचना पर कोतवाली पुलिस एवं स्वाट टीम ने राजघाट बांध की नहर की पटरी स्थित मैलार रोड चौराहे के पास वाहन चेकिंग शुरू की. इसी दौरान एक बलेनो कार पुलिस को देखकर वापस मुड़ने लगी. पुलिस को संदेह होने पर कार का पीछा किया गया. पुलिस के अनुसार, पीछा किए जाने पर कार से उतरकर एक युवक भागने लगा.

नवजात को मिला जीवन

सागर. जिला चिकित्सालय की नवजात शिशु देखभाल इकाई में नवजात शिशु को नया जीवन मिला. रहली के ग्राम पीराहार निवासी लीला बाई आदिवासी के नवजात शिशु को स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. जन्म के बाद गंभीर स्थिति में नवजात को जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू में भर्ती कराया गया. शिशु को सांस लेने में कठिनाई हो रही थी. एसएनसीयू प्रभारी डॉ. सौरभ जोशी ने बैग एंड मास्क वेंटिलेशन देकर शिशु की जान बचाई तथा उसे सी-पैप मशीन के माध्यम से श्वसन सहायता प्रदान की. चिकित्सकीय टीम द्वारा लगातार निगरानी, आवश्यक उपचार और संक्रमण से बचाव के लिए दवाइयां दी गई.

कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2026-27/29 — :: सूचना ::- — सागर दिनांक: 14/07/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अत: इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्र.	प्र.क्र.	वार्ड का नाम भवन/प्लाट	किस आधार पर	नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम	जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है
1.	671/26-27	केशवगंज	रजि. बैनामा, शपथ पत्र	सीमा पति सुदेश कुमार पुत्री स्व. प्रेमचंद जैन	ओमप्रकाश पिता पुत्तनलाल सोनी
2.	672/26-27	भगवानगंज	मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र	स्व.राममनोहर पिता स्व.बालमुकुंद रावत	अनूप एवं अमित दोनों पिता स्व. राममनोहर रावत
3.	673/26-27	शिवाजी	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	हरगोविंद पिता स्व.बाबूलाल एवं मालती पति हरगोविंद सेन	सचिन कुमार पिता नन्हेबाबू एवं माया पति सचिन सोनी
4.	674/26-27	भगतसिंह	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	रमन कुमार पिता स्व. जगन्नाथ प्रसाद पवार	रामप्रकाश पिता लक्ष्मण सिंह एवं शारदा बाई पति रामप्रकाश कटारिया
5.	675/26-27	शास्त्री	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	विशेष कुमार पिता वीरेंद्र कुमार जैन	शशि पति सुरेश सांधेलिया,रूचि पति संदीप सांधेलिया एवं भारती पति मनीष सांधेलिया
6.	676/26-27	शास्त्री	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	विशेष कुमार पिता वीरेंद्र कुमार जैन	संदीप कुमार एवं मनीष पिता सुदेश सांधेलिया
7.	677/26-27	रामपुरा	मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र	स्व. प्रेमचंद पिता जमना प्रसाद जैन	विनीता पति प्रबुद्ध जैन पुत्री स्व.प्रेमचंद जैन
8.	678/26-27	चकराघाट	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	राजकुमार पिता बालमुकुंद सोनी	आकाश पिता विजय एवं श्रद्धा पित आकाश साहू
9.	679/26-27	रामपुरा	मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र	स्व.राजेंद्र कुमार पिता जमना प्रसाद जैन	सरोज पति स्व. राजेंद्र कुमार एवं रोहित, रश्मि, रचना पुत्र/पुत्री स्व.राजेंद्र कुमार जैन
10.	680/26-27	अंबेडकर	रजि.बैनामा, शपथ पत्र	हेमराज पिता परषोत्तम पटैल एवं राहुल पिता गोविंद पटैल	सुधारानी पति जगदीश चौबे

कृते आयुक्त
नगर पालिक निगम सागर